दिनांक: 06.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा है कि वर्तमान दौर में मानसिक समस्याओं का समाधान आध्यामिकता में निहित है। उन्होंने कहा कि जब हम आध्यात्म से जुड़ते हैं तो समस्याओं के समाधान की तरफ बढ़ते हैं। श्री गहलोत ने लोगों से आध्यात्म से जुड़ने का आह्वान किया। सिरोही जिले के आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान में चल रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने आज ये बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समता और समरसता बनाने की आवश्यकता है। सम्मेलन में केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि सनातन में प्रकृति पूजन की परम्परा रही है और आज के इस दौर में इस प्रवृति के समाप्त होने से दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया।

....

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त के जारी होने से प्रदेशभर के 70 लाख 36 हजार 501 किसानों को फायदा पहुंचा है। 1 हजार 546 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित कार्यक्रम से ये राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। इस दौरान राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

....

वायुसेना की ओर से आज चेन्नई में मरीना बीच पर एयर–शो आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 92वें वार्षिक वायुसेना दिवस समारोह के शुभारंभ के तौर पर किया गया है। इस शो में लड़ाकू विमान तेजस, मिराज, सुखोई 30 एमकेआई, जगुआर, पोसीडॉन विमान और नवीनतम प्रचंड हेलीकॉप्टर सहित जेट 72 विमान भाग ले रहे हैं। एयर शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। इस वर्ष इस शो को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने का लक्ष्य है।

....

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश में सत्ता और संगठन की समीक्षा बैठक ले रहे हैं। बैठक में सदस्यता अभियान और आगामी उपचुनाव की रणनीति पर भी चर्चा की जा रही है। बैठक से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने आवास से और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ पार्टी कार्यालय से सीधे जुड़े हैं। इसके अलावा मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, उपमहापौर, पार्टी पदाधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि भी बैठक से जुड़े हैं।

....

मुख्यमंत्री आवास पर आज पहली बार जैन धर्म के सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जैन मुनियों के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा बड़ी संख्या में जैन समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। जैन मुनियो ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया।

....

आज विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस है। यह दिवस सेरेब्रल पाल्सी के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इससे पीड़ित लोगों के प्रति सम्मान करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सेरेब्रल पाल्सी मस्तिष्क में नुकसान से पैदा होने वाली समस्या है। यह क्षति प्रसव के दौरान या जन्म के बाद लगभग तीन वर्ष तक हो सकती है। इस अवसर पर आज देशभर में कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं।

....

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चन की जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर मां दुर्गा को नमन करते हुए अपने संदेश में कहा कि माता की कृपा से सभी का जीवन आयुष्मान हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस

अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मां जगदम्बा की असीम अनुकम्पा से प्रदेशवासियों का जीवन सुख, समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण हो। नवरात्र के दौरान प्रदेशभर में देवी मंदिरों और घरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। शाहपुरा जिले के शक्तिपीठ धनोप माताजी मंदिर में अलसुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है।

....